ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः– छ0क0 – 114/24 दिनांकः– 18/12/2024

सेवा में,

सभी प्रधानाचार्य,
(अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय),
ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

विषयः– चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र 2024–28 (सी0बी0सी0एस0) में पंजीयन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में निदेशानुसार सूचित करना है कि विश्वविद्यालय अन्तर्गत सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सत्र, 2024–28 में नामांकित छात्र/छात्राओं का विश्वविद्यालय के वेबसाईट (www.lmmu.ac.in) पर On-line के माध्यम से ***600/– रूपया*** भुगतान कर ***दिनांक– 19.12.2024 से 20.12.2024 तक*** पंजीयन करने का एक और अवसर प्रदान किया जाता है।

उपरोक्त सत्र के सभी छात्र/छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि On-line के माध्यम से पंजीयन करने के पश्चात, दो प्रिंटेड प्रति निकालकर एक प्रति अपने पास एवं दूसरी प्रति अपने–अपने महाविद्यालय में दिनांक– 21.12.2024 तक निश्चित रूप से जमा करेंगे।

छात्र/छात्रा ***मेजर (Major) विषय, आरक्षण कोटि (Category) एवं लिंग (Gender)*** को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के त्रुटि सुधार हेतु अपने संबंधित प्रधानाचार्य को आवेदन देंगे। प्रधानाचार्य डैस–बोर्ड के माध्यम से छात्रों के आवेदन पर नियमानुसार त्रुटि का सुधार ***दिनांक– 21.12.2024 तक*** कर देंगे। सुधार हेतु निर्धारित समय–सीमा समाप्त होने के बाद पोर्टल बन्द कर दिया जायेगा। किसी भी छात्र/छात्राओं के किसी भी प्रकार के परिवर्तन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रधानाचार्य जिन नामांकित छात्र/छात्राओं का कॉमन अप्लीकेशन फॉर्म (CAF) में Minor, Multidisciplinary/Interdisciplinary, MIL, SEC एवं VAC विषय अंकित नहीं है तो कॉलेज अपना डैश–बोर्ड पर अनिवार्य रूप से अपडेट कर देंगे। प्रधानाचार्य अपने महाविद्यालय में अध्यापन किये जाने वाले विषय हीं नामांकित छात्रों से सहमति लेकर Minor एवं MDC/IDC विषय महाविद्यालय के डैश–बोर्ड पर अपडेट करेंगे ताकि भविष्य में छात्रों की किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

सभी प्रधानाचार्य से आग्रह है कि पंजीयन संबंधी सूचना अपने–अपने महाविद्यायल के सूचना–पट्ट पर प्रदर्शित करते हुए सभी छात्रों को सूचित करेंगे।

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।

विश्वासभाजन,

18/12/2024

अध्यक्ष, छात्र–कल्याण